भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 5620
दिनांक 27 मार्च, 2026 को उत्तर के लिए

'मिशन शक्ति' का कार्यान्वयन

5620. **श्री बी. वाई. राघवेन्द्र :**

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार देश में महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षण और सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के लिए 'मिशन शक्ति' नामक व्यापक योजना कार्यान्वित कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त योजना के प्रारंभ से लेकर अब तक इस योजना के अंतर्गत स्थापित वन स्टॉप सेंटर योजना और महिला हेल्पलाइन योजना जैसी सुविधाओं का राज्य-वार और कर्नाटक में जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान उक्त राज्य में कितनी महिलाओं ने उक्त सुविधाओं के अंतर्गत सेवाओं का लाभ उठाया है; और

(घ) उक्त अवधि के दौरान उक्त राज्य में 'मिशन शक्ति' के अंतर्गत आवंटित, जारी/उपयोग की गई निधियों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री
(श्रीमती सावित्री ठाकुर)

(क) से (ग): सरकार महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण, स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, पुनर्वास और सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है तथा देश भर में उनकी शैक्षिक, सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण करने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाया है।

मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षण और सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों को मजबूत करना है। मिशन शक्ति के दो वर्टिकल हैं: महिलाओं की सुरक्षा और संरक्षण के लिए 'संबल' और कर्नाटक राज्य सहित देश भर में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए 'सामर्थ्य')।

वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) मिशन शक्ति के अंतर्गत आने वाले संबल वर्टिकल का एक घटक है। यह निजी और सार्वजनिक दोनों स्थानों पर हिंसा से प्रभावित महिलाओं और संकटग्रस्त महिलाओं को एक ही छत के नीचे एकीकृत और तत्काल सहायता प्रदान करता है। यह जरूरतमंद महिलाओं को चिकित्सा सहायता, कानूनी सहायता और सलाह, अस्थायी आश्रय, पुलिस सहायता और मनोसामाजिक परामर्श जैसी सेवाएं प्रदान करता है। आज तक, देश भर में 926 वन स्टॉप सेंटर कार्यशील किए जा चुके हैं और इनकी स्थापना यानी 1 अप्रैल, 2015 से 31 दिसंबर, 2025 तक देश में 13.37 लाख से अधिक महिलाओं को सहायता प्रदान की जा चुकी है। अभी, कर्नाटक राज्य में 42 ओएससी (ओएससी) कार्यशील हैं और इन ओएससी के माध्यम से 38 हजार से अधिक महिलाओं को सहायता प्रदान की जा चुकी है। देश भर में राज्य और संघ राज्य क्षेत्र-वार कार्यशील वन स्टॉप सेंटरों (ओएससी) का विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया है और कर्नाटक राज्य में जिलेवार कार्यशील ओएससी का विवरण **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

महिला हेल्पलाइन (181) आपातकालीन और गैर-आपातकालीन दोनों स्थितियों में महिलाओं की सहायता के लिए 24 घंटे टोल-फ्री दूरसंचार सेवाएं प्रदान करती है। इसकी स्थापना से लेकर 28 फरवरी, 2026 तक, देश में 99.09 लाख से अधिक महिलाओं को सहायता प्रदान की गई है, जिनमें से 96 हजार से अधिक महिलाओं को महिला हेल्पलाइन के माध्यम से कर्नाटक राज्य में सहायता प्रदान की गई है। पश्चिम बंगाल राज्य सरकार महिला हेल्पलाइन का संचालन नहीं कर रही है।

(घ): मिशन शक्ति एक केंद्र प्रायोजित योजना है और व्यय विभाग के दिशानिर्देशों के आधार पर निधि जारी की जा रही है, जो सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) की एकल नोडल एजेंसी (एसएनए) या एसएनए स्पर्श के लिए निर्धारित हैं। कर्नाटक राज्य के लिए मिशन शक्ति के तहत वर्ष 2021-22 में 155.38 करोड़ रुपये, 2022-23 में 158.50 करोड़ रुपये, 2023-24 में 144.84 करोड़ रुपये, 2024-25 में 174.92 करोड़ रुपये और 2025-26 में 65.18 करोड़ रुपये की निधि जारी/व्यय की गई है।

****

अनुलग्नक-I

'मिशन शक्ति का कार्यान्वयन' विषय पर श्री बी.वाई. राघवेंद्र द्वारा पूछे गए दिनांक 27-03-2026 के लोकसभा में उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न सं. 5620 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

कार्यशील वन स्टॉप सेंटर का राज्य और संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण इस प्रकार है:

क्र.सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**कार्यशील ओएससी की संख्या**
1	अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	3
2	आंध्र प्रदेश	36
3	अरुणाचल प्रदेश	25
4	असम	36
5	बिहार	50
6	चंडीगढ़	1
7	छत्तीसगढ़	42
8	दादरा नगर हेवली तथा दमन व दीव	3
9	दिल्ली	11
10	गोवा	2
11	गुजरात	36
12	हरियाणा	22
13	हिमाचल प्रदेश	13
14	जम्मू और कश्मीर	20
15	झारखंड	26
16	कर्नाटक	42
17	केरलम	14
18	लद्दाख	2
19	लक्षद्वीप	1
20	मध्य प्रदेश	57
21	महाराष्ट्र	67
22	मणिपुर	16
23	मेघालय	13
24	मिजोरम	13
25	नागालैंड	17
26	ओडिशा	34
27	पुदुच्चेरी	4
28	पंजाब	23
29	राजस्थान	52
30	सिक्किम	6
31	तमिलनाडु	59
32	तेलंगाना	36
33	त्रिपुरा	10
34	उत्तर प्रदेश	96
35	उत्तराखंड	14
36	पश्चिम बंगाल	24
	कुल	**926**

अनुलग्नक-II

'मिशन शक्ति का कार्यान्वयन' विषय पर श्री बी.वाई. राघवेंद्र द्वारा पूछे गए दिनांक 27-03-2026 का लोकसभा में उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न सं. 5620 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

कर्नाटक राज्य में ज़िला-वार कार्यशील ओएससी का विवरण इस प्रकार हैं:

क्र.सं.	**जिले**	**कार्यशील ओएससी की संख्या**
1	बागलकोट	1
2	बेल्लारी	1
3	बेलगावी	2
4	बेंगलुरु ग्रामीण	1
5	बेंगलुरु शहरी	5
6	बीदर	1
7	चामराजनगर	1
8	चिक्कामगलुरु	1
9	चित्रदुर्ग	1
10	दक्षिण कन्नड़	1
11	दावनगेरे	1
12	धारवाड़	2
13	गडग	1
14	हासन	1
15	हावेरी	1
16	कलबुर्गी	1
17	कोडागू	1
18	कोलार	1
19	कोप्पल	1
20	मंड्या	1
21	मैसूर	2
22	रायचूर	1
23	बेंगलुरू दक्षिण	1
24	शिवमोगा	2
25	तुमकुरु	2
26	विजयनगर	2
27	विजयपुरा	1
28	यादगीर	1
29	उडुपी	1
30	चिक्कबल्लापुर	1
31	उत्तर कन्नड़	2
	कुल	**42**

*****